गुरुवार 06 जुलाई 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



भोजपुर के युवक की कोटा में मौत, पीट कर हत्या का आरोप 2








## शरद पवार को हटा अजित पवार बने एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**एजेंसी/मुंबई**

महाराष्ट्र की राजनीति में उथल-पुथल के बीच अजित पवार गुट ने बड़ा दावा किया है। अजित पवार गुट के मुताबिक, शरद पवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। अजित पवार ने अब खुद एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया है। दावा किया जा रहा है कि 30 जून को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इसका फैसला लिया गया था। दिन भर के नंबर गेम और शक्ति प्रदर्शन के बाद अजित पवार ने एनसीपी का तख्तापलट कर ही दिया। इस बदलाव के बाद से शरद पवार को बड़ा झटका लगा है। अपने संबोधन में अजित पवार ने चाचा शरद पवार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'पवार साहब आप 83 साल के हो गए हैं। आप कभी रुकेंगे या नहीं। हम सरकार चला सकते हैं, हम में ताकत है, फिर हमें मौका क्यों नहीं। किसी भी घर में 60 साल के बाद रिटायर होते हैं और आशीर्वाद देने का काम करते हैं, फिर आप ऐसा क्यों नहीं करते?

### चुनाव आयोग में दोनों गुट ने ठोका दावा

एनसीपी के नाम व निशान पर दावे को लेकर अजित और शरद पवार दोनों गुट चुनाव आयोग पहुंच गए हैं। पहले शरद पवार गुट ने अर्जी लगाई थी। इसमें कहा गया कि कोई भी एनसीपी पर अपने आधिपत्य का दावा आयोग के सामने करे तो आयोग शरद पवार पक्ष को भी जरूर सुने। इसके कुछ घंटों बाद अजित पवार गुट ने 40 से अधिक विधायकों के शपथ पत्र के साथ पार्टी पर दावा ठोका।

### बिहार में करदाता शिकायत निवारण अभियान का शुभारंभ

# करदाताओं की समस्याओं का तुरंत होगा समाधान: वित्त मंत्री

- मंत्री विजय चौधरी बोले- हमारे व्यवसायी व करदाता राज्य की आर्थिक प्रगति की धूरी
- माह के हर मंगलवार को विभाग के उच्च अधिकारी सुनेंगे करदाताओं की समस्या

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के वित्त, वाणिज्य-कर और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बुधवार को करदाता शिकायत निवारण अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस विभाग के दो महत्वपूर्ण पक्ष हैं- एक ओर विभागीय अधिकारी हैं, तो दूसरी ओर हमारे व्यवसायी वर्ग हैं। दोनों पक्षों के आपसी भरोसा और विश्वास से ही बेहतर माहौल बनता है और राज्य की तरक्की का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद उनके सहयोग से वाणिज्य-कर विभाग का कर संग्रहण वर्ष 2016-17 के 18,751 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 34,532 करोड़ रुपए लगभग दोगुणा हो गया है।



चौधरी ने कहा कि हमारे व्यवसायी और करदाता राज्य की आर्थिक प्रगति की धूरी हैं। सरकार की मंशा है कि हमारे करदाता शिकायत रहित हों, कष्ट, पीड़ा और चिंता रहित रहें, उनके शिकायतों का निवारण पारदर्शिता के साथ हो। उन्होंने कहा, राज्य के करदाताओं की समस्याओं के समाधान के लिये आज का कार्यक्रम आयोजित है। विभागीय कार्यकलापों से कोई भी करदाता अगर विक्षुब्ध हों तो वे विभाग के शीर्षस्थ पदाधिकारियों के समक्ष अपनी समस्यायें रख सकते हैं। इसके लिये प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को विभाग के उच्च पदाधिकारी करदाताओं की समस्याओं को सुनेंगे। इसी प्रकार, विभाग के प्रत्येक अंचल कार्यालय तथा प्रमंडल स्तर पर राज्य कर अपर आयुक्त (प्रशासन) द्वारा प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे मंगलवार को करदाताओं की समस्याओं को सुना जायेगा एवं विभाग द्वारा प्राथमिकता के आधार पर इनका समाधान किया जायेगा। उन्होंने बताया गया कि अपनी शिकायतों के समाधान के लिये किसी करदाता को व्यक्तिगत रूप से आने की अनिवार्यता नहीं है। कोई भी करदाता कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं अथवा ई-मेल के माध्यम से भी अपनी शिकायतें भेज सकते हैं। इसके लिये एक विशेष ई-मेल आईडी ctdbihargrievances@gmail.com जारी की गई है।

उन्होंने कहा कि 01 जुलाई से पटना मध्य अंचल, पटना दक्षिणी अंचल, दानापुर अंचल, गया अंचल, भागलपुर अंचल, पूर्णियां अंचल, दरभंगा अंचल, मुजफ्फरपुर पश्चिमी अंचल और सारण अंचल को दो भागों में विभक्त किया गया है। इस प्रकार नौ नये अंचल बनाये गये हैं। इससे करदाताओं का अनुश्रवण करने में सुविधा होगी। उन्होंने विभागीय पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुये डाटा एनालिटिक्स के अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया गया ताकि फर्जी करदाताओं को चिन्हित किया जा सके और उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा सके।

## बलिया में जापानी इंसेफेलाइटिस का मिला मरीज, मचा हड़कंप

**केटी न्यूज/बलिया**

दयाछपरा क्षेत्र के आलम राय के टोला में संचारी रोग जे, ई, जापानी इंसेफेलाइटिस के रोगी मिलने से चिकित्सा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। बुधवार को सीएचसी कोटवा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आरबी सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने आलम राय के टोला में रोगी के परिवार के साथ ही अगल-बगल रहनेवाले 20 लोगों का सैंपल लिया। इसके साथ ही लोगों को अपने आसपास विशेष सफाई रखने और मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की। इलाके में जे ई के रोगी मिलने से लोगों के बीच भय का माहौल कायम हो गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गोपालपुर के आलम राय के टोला निवासी 24 वर्षीय विशाल सिंह पुत्र स्व. सत्यदेव सिंह दिल्ली से 28 अप्रैल को गांव आगरा के टोला आया था। इस बीच 10 मई को विशाल की तबीयत खराब हो गई। शरीर में चकता, खुजलाहट के साथ ही बुखार हो गया। सदर अस्पताल बलिया में इलाज कराने के बाद भी जब कोई राहत नहीं मिली तो बेहतर इलाज के लिए वह डॉ राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय लखनऊ चला गया। वहां इलाज के दौरान 28 जून को विशाल का सैंपल मेडिकल कॉलेज में जांच के लिए भेजा गया। जहां से 3 जुलाई को जांच रिपोर्ट में विशाल को जे, ई रोग पाया गया।

### जांच के लिए भेजा गया 20 आदमी का सैंपल

डॉक्टर आरबी सिंह ने बताया कि यह रोग मच्छरों एवं गंदगी के द्वारा फैलता है। एएनम को टीका लगाने के लिए निर्देशित कर दिया गया है। टीकाकरण चालू हो गया और परिवारों के साथ ही ग्रामीणों को जो सैंपल लिया गया है वह जांच के लिए भेजा जाएगा। पॉजिटिव मिलने पर अन्य लोगों का भी जांच किया जाएगा। डॉक्टरों की टीम प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के अलावे लैब टेक्नीशियन उपेंद्र प्रसाद, विशाल कश्यप , एएनम कविता निगम, आरती देवी, सीमा वर्मा ,संचारी रोग नोडल अधिकारी राकेश कुमार ,चीफ फार्मासिस्ट अजय सिंह शामिल रहे। चिकित्सक ने बताया कि कुल 20 आदमी का सैंपल लेते हुए उस मोहल्ले को अतिसंवेदनशील माना गया है।

## जेपी गंगा पथ का निर्माण कार्य जल्द पूरा करें: सीएम

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री ने बुधवार को जेपी गंगा पथ के गायघाट के पास चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का अधिकारियों को दिया निर्देश दिया। मुख्यमंत्री जेपी गंगा पथ होते हुए गायघाट पहुंचे और वहां कराये जा रहे निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि जेपी गंगा पथ का गायघाट तक निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और जल्द ही पूर्ण हो जायेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए जेपी गंगा पथ के बचे हुए निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें ताकि लोगों का आवागमन और आसान हो सके। सीएम ने कहा कि जेपी गंगा पथ के गायघाट के पास गांधी सेतु से भी बेहतर कनेक्टिविटी करायें ताकि गांधी सेतु के साथ जेपी गंगा पथ का सम्पर्क सुगम हो सके। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने जेपी सेतु से एनएच - 19 तक के कनेक्टिविटी का जायजा लिया। जेपी सेतु से होते हुये इस पथ का बकरपुर के पास एन एच - 19 का कनेक्टिविटी किया गया है, जिससे छपरा और हाजीपुर जाने के लिये लोगों को एक और सुगम मार्ग उपलब्ध हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान कहा कि उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार की संपर्कता और बेहतर करने के लिए पथ निर्माण और पुल निर्माण के कई कार्य किये गये हैं। पटना से बाहर आने-जानेवाले लोगों का सम्पर्क और सुलभ बनाने के साथ-साथ पटना शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिये कई महत्वपूर्ण पथ परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है।

## बीजेपी और नरेंद्र मोदी देश को तोड़ने में लगे हैं: लालू

**केटी न्यूज/पटना**

पार्टी के स्थापना दिवस पर आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी पर जमकर बरसे। स्थापना दिवस पर प्रदेश कार्यालय में सभा को संबोधित करते हुए लालू ने कहा कि आज आरजेडी के 27 साल हो गए। देश में भाईचारे को तोड़ा जा रहा। नफरत फैलाई जा रही। नरेंद्र मोदी देश को तोड़ रहे हैं। लालू यादव ने कहा कि बाबा साहेब ने जो संविधान दिया था उसको बीजेपी खत्म कर रही है। हर क्षेत्र में और हर चुनाव में आरजेडी ने कीर्तिमान स्थापित किया। रघुवंश प्रसाद की कमी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी (आरजेडी) अपने स्थापना काल से लेकर अब तक मजबूती से देश की एकता, धर्मनिरपेक्षता के लिए खड़ी है। विधायकों की खरीद बिक्री कर नरेंद्र मोदी सरकार बनाते हैं।

उन्होंने बीजेपी को निशाने पर लेते हुए आगे कहा कि मोदी सरकार में महंगाई है, गरीब तबाह हो गया। लालू यादव ने बिहार और देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि झुकना नहीं है। लालू ने कहा कि जो आवाज उठा रहा है उसके पीछे जांच एजेंसियों को लगाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि आवाज दबाने की कोशिश है लेकिन कोई डरने वाला नहीं है। लालू ने कहा कि जगदानंद आरजेडी को अच्छे से चला रहे हैं। मौके पर भारी संख्या में कार्यकर्ता नारा लगा रहे थे- लालू यादव मत घबराना, तेरे पीछे सारा जमाना।






### मध्य प्रदेश के सीधी जिले की घटना, आरोपी बीजेपी कार्यकर्ता पर एनएसए के तहत कार्रवाई

# आदिवासी युवक पर पेशाब करनेवाले के घर पर चला बुलडोजर

**एजेंसी/सीधी**

मध्य प्रदेश के सीधी जिले में आदिवासी युवक पर पेशाब करने वाले आरोपी बीजेपी विधायक केदारनाथ शुक्ला के प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला को पुलिस ने मंगलवार देर रात हिरासत में ले लिया। वहीं इस मामले में शिवराज सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए उस पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की है। इसके साथ ही उसके घर पर प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया है। उसका एक कच्चा मकान सहित बाउंड्री वॉल को ध्वस्त कर दिया गया है। दरअसल, मंगलवार को एक बेहद अमानवीय और शर्मनाक वीडियो सामने आया। इस वीडियो के वायरल होने के साथ ही मध्य प्रदेश की सियासत गरमा गई है। जानकारी के अनुसार आरोपी प्रवेश शुक्ला के मकान में है तीन लोगों का हिस्सा है। जिस तरफ इसका हिस्सा था उसे तोड़ दिया गया है। इस अपराध के अलावा भी प्रवेश शुक्ला के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं पीड़ित शख्स दशमत रावत दिहाड़ी मजदूर है। पुलिस का कहना है कि वह बहुत डरा हुआ है और आरोपी के खिलाफ कोई केस दर्ज नहीं करवाना चाहता।



### ये करोड़ों आदिवासी भाई-बहनों का अपमान : कमलनाथ

एक वीडियो जारी करते हुए कमलनाथ ने कहा, आज मेरा मन मध्य प्रदेश के आदिवासी भाई-बहनों के अपमान की घटना से काफी दुखी है। सीधी जिले में एक आदिवासी युवक पर एक ऊपर भाजपा नेता का पेशाब करने की वीडियो देखकर रूह कांप जाती है। क्या बीजेपी के नेताओं पर सत्ता का नशा इस कदर चढ़ गया है कि वो इंसान को इंसान नहीं समझ रहे। ये घटना आदिवासी अस्मिता पर प्रहार है। ये घटना बिरसा मुंडा जैसे महापुरुषों का अपमान है। ये घटना मध्य प्रदेश के करोड़ों आदिवासी भाई-बहनों का अपमान है। मैं शिवराज सरकार को चेतावनी देता हूं कि आदिवासी समाज पर हो रहे अत्याचारों को सरकारी संरक्षण देना बंद करे। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह आदिवासी समाज के साथ खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाकर रहेगी।

# कुंडेश्वर शिव मंदिर: सावन और फागुन महीने की महाशिवरात्रि को लगता है मेला



**केटी न्यूज/आरा**

- हवन कुंड की खुदाई के दौरान प्राप्त हुआ था लिंग
- किदवंतियों के अनुसार वाणासुर ने कराया था मंदिर का निर्माण

धार्मिक आस्था का केन्द्र कुंडेश्वर शिव (कुड़वा शिव) पुरातात्विक व ऐतिहासिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण मंदिर है। प्रत्येक वर्ष सावन और फागुन महीने की महाशिवरात्रि के दिन यहां मेला लगता है।

किदवंतियों के अनुसार वाणासुर इसी स्थान पर आकर गंगा नदी के किनारे तपस्या करता था। कुछ वर्षों की तपस्या के उपरांत उसने यहां महायज्ञ करने की ठानी। यज्ञ के लिए हवन कुंड की खुदाई होने लगी। इसी खुदाई के दौरान श्रमिकों का फावड़ा किसी पत्थर से टकराई तथा उससे रक्त बहने लगा। इसकी सूचना वाणासुर को दी गयी। रक्त रंजित पत्थर को निकालकर बाहर रखा गया जो शिवलिंग की आकृति का था। कहा जाता है कि रात्रि पहर भगवान शिव ने उसके स्वप्न में आकर आदेश दिये कि वह इस रक्त रंजित शिवलिंग की स्थापना करें। वाणासुर द्वारा भगवान के आदेश पर इसे स्थापित किया गया। चूंकि यह लिंग हवन कुंड की खुदाई के दौरान प्राप्त हुआ था, इसलिए इसका नाम कुंडेश्वर शिव रखा गया।

**मंदिर में महाभारत कालीन कलाकृतियां हैं स्थापित :** स्थापित कलाकृतियों से यह अनुमान लगाया जाता है कि यह मंदिर महाभारत कालीन राजाओं द्वारा बनवाया गया होगा। किदवंतियों के अनुसार, राजा वाणासुर द्वारा इसे बनवाया गया है तब यहां से पवित्र गंगा नदी की मुख्यधारा यही से गुजरती थी। इसका प्रमाण छठवीं शताब्दी के आसपास महाकवि वाणभट्ट द्वारा रचित हर्षचरित में भी मिलता है।

### बिना ईंट के प्रयोग किए शिलाखंडों से बनाया गया है मंदिर



इस मंदिर का मुख्य द्वार पश्चिम की ओर खुलता है। बिना ईंट का प्रयोग किये वृहद शिलाखंडों से निर्मित इस मंदिर के दीवारों पर उकेरी गयी कलाकृतियां तत्कालीन शिल्पकारों के कला कौशल को दशार्ता है। ठीक इसी प्रकार की बनावट वाली पार्वती एवं एक अन्य मंदिर है जो पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण एवं वर्तमान में धरोहर है।

**जिला मुख्यालय से 30 किमी दूर स्थित है यह प्राचीन मंदिर:** कुंडेश्वर शिव मंदिर (कुड़वा शिव) भोजपुर जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर पश्चिम आरा-बक्सर मुख्य मार्ग एनएच 84 से बिल्कुल सटे बिलौटी एवं शाहपुर के बीचोबीच अवस्थित है। मंदिर से शाहपुर प्रखंड मुख्यालय की दूरी लगभग 2 किलोमीटर है।

**वर्तमान समय में मंदिर की स्थिति:** वर्तमान में मंदिर का अवशेष एक आयताकार झाड़ीनुमा ऊंचे टीले पर अवस्थित है। जिसका क्षेत्रफल लगभग पांच एकड़ में फैला है। टीले के बीचोबीच उत्तर तरफ प्रधान प्राचीन शिव मंदिर निर्मित है। सतह पर मंदिर की स्थिति लगभग 30 फीट लंबी, 10 फीट चौड़ी तथा 30 फीट ऊंचे गुंबज वाले इस मंदिर का द्वार पश्चिम की ओर खुलता है। गर्भ गृह में स्थापित शिवलिंग गोलाकार लंबा न होकर चपटा है।

## एक नजर

### प्लास्टिक वॉरियर्स टीम का स्काउट एंड गाइड से पंजीकृत विद्यालयों में होगा गठन

**जहानाबाद।** स्काउट और गाइड कार्यालय परिसर में पांच सदस्यीय प्लास्टिक वारियर्स टीम के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राजीव कुमार, प्लास्टिक वॉरियर्स टीम लीडर ने करते हुए कहा कि एकल यूज प्लास्टिक का प्रयोग से होने वाली हानि के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान विद्यालय स्तर पर चलाया जाएगा एवं विद्यालयो मे 15 छात्र और 15 छात्रा को टीम का सदस्य बनाया जाएगा, जो अपने विद्यालय के पोषक क्षेत्र में प्रधानाध्यापक, शिक्षक, अभिभावक के सहयोग से लोगों को एकल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने हेतु प्रेरित करेंगे। जबकि मौके पर मौजूद हरिशंकर कुमार, जिला संगठन आयुक्त ने कहा कि स्काउट और गाइड से पंजीकृत 37 विद्यालयों में भी स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन के देखरेख में प्लास्टिक वारियर्स टीम तैयार करने के साथ पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण कार्य किया जाएगा। बैठक में वैष्णवी केसरी, कृष कुमार, खुशी कुमारी, प्रेमलता कुमारी को विशेष जिम्मेवारी दी गई है।



### हेमंत कुमार को बनाया गया कांग्रेस सेवादल का जिला संगठक, लोगों ने दी बधाई

**जहानाबाद।** हेमन्त कुमार उर्फ हेमन्त यादव को जहानाबाद जिले में कांग्रेस सेवादल का मुख्य संगठक बनाया गया है। जिसके बाद बधाई देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार ट्टप्रियदर्शीट्ट ने कहा कि वर्तमान समय में डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व यह साबित करता है की बिहार में कांग्रेस का पुनर्जागरण काल चल रहा है। इसी कड़ी में बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल के कार्यकारी मुख्य संगठक डॉ. संजय कुमार ने प्रांत के सभी प्रमंडलीय स्तर पर कांग्रेस सेवादल का प्रशिक्षण शिविर चला कर एक ऐतिहासिक कार्य को संपन्न किया है तथा चलाए गए उन शिविरों से योग्य एवं प्रतिभाशाली लोगों को चयन कर विभिन्न जिलों की जिम्मेवारी सौंपी है। हम बधाई देते हैं आदरणीय डॉ संजय कुमार कुमार को जिन्होंने जहानाबाद जिले में हेमन्त कुमार को जिला संगठक बनाया है। हेमन्त तेज तर्रार युवा के साथ कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता रहें हैं। इसलिए इनके नेतृत्व में जहानाबाद सेवादल काफी प्रभावकारी और मजबूत होगी। प्रदेश सेवादल कांग्रेस प्रभारी मो. अफरोज खां के नेतृत्व में बिहार में सेवादल को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने की मुहिम चलाई गई। जिसमें खासकर कांग्रेसियों को यह संदेश दिया दिया गया की सेवादल कांग्रेस की सबसे मजबूत इकाई मानी जाती है। यही से पार्टी में अनुशासन और सांगठनिक ढांचा की सारी जानकारी दी जाती है। इस जिले में एक नौजवान को यह जिम्मेदारी मिली है। इसलिए हम आशा करते हैं यहां सेवा दल के माध्यम से कांग्रेस एक मजबूत और सशक्त पार्टी बनकर पुनर्स्थापित होगी।

### जिला संघ ने भारतीय फुटबॉल टीम की ऐतिहासिक विजय पर दी बधाई

**अरवल।** कर्नाटक के बेंगलुरु में संपन्न हुए साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन चैंपियनशिप मैच में भारत ने कुवैत को हराकर फाइनल का खिताब जीत लिया। अपने पहले ही मैच में भारत ने पाकिस्तान को 4 गोल से हराकर शीर्ष पर बने रहने की एहसास करा दिया था। सैफ के फाइनल मुकाबले में कुवैत को पेनाल्टी शूटआउट में चार के मुकाबले पांच गोल से हराकर भारतीय टीम नौवीं बार चैंपियनशिप जीतकर पूरे देश का गौरव बढ़ाया है। इस ऐतिहासिक जीत के लिए पूरी टीम को अरवल जिला फुटबॉल संघ ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में संघ के जिला सचिव राजीव कुमार रंजन, कार्यकारी अध्यक्ष कमांडर श्याम नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष इंदु भूषण कुमार, संयुक्त सचिव सबा करीम, रंजीत प्रसाद, मृत्युंजय कुमार, राधिका रमन, जिला रेफरी राजेश कुमार, कमलेश कुमार, मोहम्मद जिलानी, अनिल कुमार वरीय खिलाड़ी अमरेंद्र कुमार, अतुल कुमार, धर्मपाल कुमार, विकास कुमार, चितरंजन कुमार, संतोष कुमार, रामबचन सिंह, सत्येंद्र कुमार राज शामिल है। साथ ही, कहा कि फुटबॉल टीम के दृढ़ संकल्प और दृढ़ता से संचालित भारतीय टीम की उल्लेखनीय यात्रा आगामी खिलाड़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

### परिजनों ने एक रिश्तेदार पर मारपीट करने व पिटाई से मौत की जताई आशंका

# भोजपुर के युवक की कोटा में मौत, पैसे छीनने के बाद पीट कर हत्या का आरोप

**केटी न्यूज/आरा**

राजस्थान के कोटा में भोजपुर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। मृतक जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मीरगंज गांव निवासी शिव कुमार राम का बेटा धर्मेंद्र कुमार राम (45 वर्षीय) थे। परिजनों ने उनकी हत्या की आशंका जताई जा रही है। उन्होंने रिश्ते के भतीजे पर हत्या करने का संदेह जताया है। राजस्थान से मंगलवार को शव आया। जिसके बाद पुलिस ने आरा सदर अस्पताल में उनके शव का पोस्टमार्टम कराया।

मामले में युवक के चचेरे भाई अमन कुमार ने बताया कि धर्मेंद्र कुमार अप्रैल में चचेरे भतीजे प्रवीण कुमार के साथ राजस्थान के कोटा जिला के मंडाना थाना क्षेत्र के कोटा स्थित कंस्ट्रक्शन कंपनी में गाड़ी चलाने गए थे। जहां तीन महीने ड्यूटी करने के बाद 29 जून को उनके चचेरे भतीजे प्रवीण कुमार ने उनसे कंपनी से निकलवा दिया। कंपनी से फाइनल सेटलमेंट करने के बाद वह अपने महीने की तनख्वाह लेकर वापस लौट रहे थे। तभी बीच रास्ते में प्रवीण ने उनके सभी पैसे छीन लिए और उनके साथ मारपीट की और अधमरे हालत में सड़क किनारे छोड़ कर चला गया। पिटाई में उन्हें अंदरूनी चोट भी आई, जिससे उनकी मौत हो गई। उसके बाद वहां मौजूद लोगों द्वारा फोन कर इसकी सूचना उसे दी गई।



- शव आने के बाद कराया गया पोस्टमार्टम, जांच में जुटी पुलिस



**कोटा पहुंचने के बाद अमन शव लेकर पहुंचा गांव :** सूचना मिलने के बाद फौरन अमन पंजाब के अंबाला से कोटा पहुंचा। जहां उसने मंडाना थाना की पुलिस से संपर्क किया और उनके सहयोग से कोटा के एमबीएस हॉस्पिटल पहुंचा। हालांकि वह स्वेच्छा से बिना पोस्टमार्टम कराए शव लेकर अपने गांव आ गया। मंगलवार को परिजन शव लेकर आरा सदर अस्पताल पहुंचे। वहां पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। इधर, अमन कुमार द्वारा उनके चचेरे भतीजे प्रवीण कुमार पर मारपीट कर उनसे पैसा छीन कर जख्मी हालत में सड़क पर फेंकने के कारण उनके मौत होने की आशंका जतायी जा रही है। मामले में पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो पाएंगे। हालांकि, पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि युवक अपने दो भाई और तीन बहनों में दूसरे स्थान पर थे। उसके परिवार में मां चिंता देवी, पत्नी अनीता देवी, पुत्री पिंकी कुमारी,प्रिया कुमारी, पुत्र नीरज कुमार और धीरज कुमार है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां चिंता देवी और पत्नी अनीता देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### शौच करने जा रहे होमगार्ड के जवान की करंट की चपेट में आने से मौत

**आरा।** जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के बड़ौरा गांव में बुधवार की सुबह करंट की चपेट में आने से होमगार्ड के जवान की मौत हो गई। शौच करने जाने के दौरान जवान रास्ते में टूटकर गिरे करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। मृतक बड़ौरा गांव निवासी विजय साह थे। जो आरा पुलिस लाइन में तैनात थे। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और पोस्टमार्टम कराया। मृतक के भाई संजय कुमार साह ने बताया कि विजय मंगलवार की शाम ड्यूटी कर-के आरा से गांव लौटे थे। बुधवार की सुबह वह शौच करने बधार की ओर जा रहे थे। जहां बीती रात तेज बारिश के कारण रास्ते में बिजली का तार टूट कर गिरा था। शौच करने जाने के दौरान वह उसी करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गए। उससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। उसके बाद रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने घटना की सूचना दी। तब परिजन पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गयी। जवान अपने तीन भाई और तीन बहन में बड़े थे। पत्नी रेणु देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



### आवास योजना की राशि डकारने वालों पर हुई प्राथमिकी दर्ज

**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि लेकर भवन का निर्माण नहीं कराने वालो पर मखदुमपुर बीडीओ ने कड़ा एक्शन लिया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह ने प्रखंड के 6 लाभुकों के विरुद स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस बाबत बीडीओ ने बताया के प्रखंड के मकरपुर गांव निवासी कारी देवी वितीय वर्ष 2016-17 में ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लिया है। जिसके तहत 55 हजार की राशि प्राप्त हुई लेकिन वे भवन का निर्माण नहीं किया है। वही इंदरपुर गांव निवासी सियामनी देवी ने 45 हजार की राशि वर्ष 2021-22 में निकासी किया था जबकि भवन का निर्माण नहीं किया है। वही मंझोस गांव निवासी भीम विंद ने वर्ष 2019 -20 में 90 हजार की राशि निकासी कर भवन का निर्माण नहीं किया है। इसी वित्तीय वर्ष में सब्दलपुर गांव निवासी रूबी देवी 90 हजार निकासी किए हैं। वही नवाबगंज निवासी दिनेश नोनिया ने 45 हजार की निकासी किए था एवं जगपुरा गांव निवासी रेशमा खातून 2017 -18 में 45 हजार का निकासी कर भवन का निर्माण नहीं किया है। जिसके विरुद जिला प्रशासन के निर्देश पर वीडियो ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है। बीडीओ ने बताया के वैसे सभी लाभुको को चिन्हित किया जाएगा जो राशि निकासी कर भवन का निर्माण नहीं किया है। और जल्द उनके विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

### बीच सड़क पर कट्टा लहरा केक काट मनाया जन्मदिन, वीडियो वायरल

**जहानाबाद।** बर्थ डे पार्टी में हथियार से केक काटकर जश्न मनाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक युवक गाड़ी के बोनट पर चढ़कर हथियार से तीन केक काट हथियार लहराते दिख रहा है। साथ ही मौके पर बड़ी संख्या में युवक सेलिब्रेट करते दिख रहे है। यह वीडियो काको थाना क्षेत्र के काको हाई स्कूल के समीप का है। दरअसल देशी कट्टे के साथ बर्थडे का माना रहा युवक काको बाजार के मुहल्ले का रहने वाला है। जहां स्कार्पियो गाड़ी के बोनट पर चढ़ कर केक काट रहा था। इसी दौरान गाड़ी के नीचे खड़े एक युवक उसके हाथों में देसी कट्टा थमाते नजर आ रहा है। जिसके बाद युवक हथियार से तीनों केक काटते और हथियार लहराते दिख रहा है। वहीं मौके पर मौजूद दर्जनों युवाओं मोबाइल से तस्वीर बनाते और सेलिब्रेट करते नजर आ रहे है। बर्थडे जश्न मना रहा युवक फायरिंग भी करता है। इधर इस वायरल वीडियो के बारे में जिले के वरीय पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में आने के बावजूद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सवाल यह है कि खुलेआम अवैध हथियार के जश्न मनाने का दु:साहस करने वाले पर करने वाले युवक पर कार्रवाई नहीं होने पर जिले के कानून व्यवस्था पर सवाल उठना लाजमी है।

### गैंगरेप के आरोपी को 20 साल का कारावास

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

गैंगरेप के आरोपी रविंद्र शर्मा के सजा के बिंदु पर फैसले के लिए बुधवार को न्यायालय में बचाव पक्ष एवं अभियोजन पक्ष की ओर से पेश किए गए। दलील सुनने के उपरांत एडीजे प्रथम अनिंदिता सिंह की अदालत ने आरोपी रविंद्र शर्मा को 20 साल का कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपए भुगतान करने का फैसला सुनाया। साथ ही, न्यायालय ने आरोपी रविंद्र शर्मा को धारा 457 के तहत तीन साल का कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपए अर्थदंड भुगतान करने का फैसला सुनाया। न्यायालय ने अर्थदंड की आधी राशि का भुगतान पीडिता को करने का निर्देश दिया है। साथ ही पीड़िता के राहत एवं पुनर्वास के लिए पीड़ित प्रतिकर अधिनियम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार को पीड़िता को सहायता राशि उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया है।

न्यायालय ने आरोपी को धारा 323/34 के तहत छह महीने कठोर कारावास तथा धारा 341 के तहत एक माह का कठोर कारावास भुगतने का निर्देश दिया है।

अर्थदंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर क्रमशः दो-दो माह का साधारण कारावास भुगतना होगा। जानकारी देते हुए अपर लोक अभियोजक शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में पीड़िता के पति ने जहानाबाद महिला थाने में रविंद्र शर्मा शिव दहीन ठाकुर, अजय यादव, शिव यादव, रणधीर यादव, बजरंगी साव, पप्पू कुमार एवं दो अज्ञात लोगों को नामजद कर प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी में सूचक ने आरोप लगाया था कि उपरोक्त सभी नामजद लोगों ने 30 जून 2019 को उसके घर में छत के रास्ते प्रवेश किया और गाली गलौज शुरू कर दी। उन्होंने पिस्टल के बट से उसके पिताजी के सर पर मारकर जख्मी कर दिया। बजरंगी साव और पप्पू कुमार ने उसके हाथ पैर पकड़ मुह बंद कर दिया और उसकी पत्नी से अजय यादव ने बलात्कार किया तथा रविंद्र शर्मा ने उसकी मां के साथ बलात्कार किया। मामले में अभियोजन की ओर से सूचक समेत 9 गवाह प्रस्तुत किए गए थे।

### निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने योजना से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

# आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंचने के लिए पथ का कराएं निर्माण: डीएम

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने बुधवार को अपने क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के तहत काको प्रखंड में क्रियान्वित की योजनाओं एवं कार्यों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने काको प्रखंड अंतर्गत साईस्ताबाद परसाईं पंचायत के फिरोजी गांव महादलित टोला के वार्ड नंबर-12 में मनरेगा के तहत निर्मित जितेन्द्र मोची के निजी तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि उक्त तालाब में मतस्य पालन किया जा रहा है। साथ ही, फिरोजी गांव के वार्ड नंबर 11 में नाली की पीसीसी योजना के तहत ढलाई एवं नली का ढक्कन का निर्माण का निरीक्षण किया गया। साथ ही, योजना से संबंधित बोर्ड 15वीं वित्तीय योजना के तहत लगाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने बीडीओ व प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को योजना से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।



जिलाधिकारी ने निरीक्षण में काको प्रखंड अंतर्गत साईस्ताबाद परसाईं पंचायत के फिरोजी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, फिरोजी के प्रांगण में मिट्टी की भराई कार्य एवं पेवर ब्लॉक के कार्य का निरीक्षण किया। उक्त कार्य को मनरेगा द्वारा किया गया था। जिलाधिकारी ने काको प्रखंड अंतर्गत साईस्ताबाद परसाईं पंचायत के फिरोजी के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 14 का निरीक्षण किया। निरीक्षण में आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंचने के लिए पथ नहीं पाया गया। जिसके लिए जिलाधिकारी ने अंचल अधिकारी, काको तथा प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को मनरेगा के तहत करने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने अपने क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के तहत अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास का निरीक्षण किया गया तथा जिला कल्याण पदाधिकारी को छात्रावास में साफ-सफाई और सोलर पैनल लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही अग्निशमन यंत्र लगाने का निदेश दिया गया तथा कार्यपालक अभियंता, आरडब्लूडी को छात्रावास में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने का निर्देश दिया। साथ ही राजकीय अम्बेडकर कल्याण छात्रावास का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में डीएम ने पाया कि खिड़की का शीशा टूटा हुआ था। जिसे देख उन्होंने के खिड़की का शीशा लगवाने तथा परिसर में पौधरोपण कराने का निर्देश दिया। साथ ही जनरेटर ठीक कराने का निदेश दिया गया और साफ-सफाई कराने का निदेश जिला कल्याण पदाधिकारी को दिया गया। वहीं, खेल की सामग्री उपलब्ध कराने का निदेश जिला कल्याण पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही, बाबू जगजीवन राम छात्रावास निर्माण हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया।



## खबरें फटाफट

### 11 हजार वोल्ट करंट की चपेट में झुलसा राजमिस्त्री

**नावानगर।** बुधवार को सिकरौल थाना क्षेत्र के मथौली बसांव गांव में एक निमार्णाधीन मकान में काम करने के दौरान एक राजमिस्त्री 11 हजार पॉवर के धारा प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। जिससे वह बूरी तरह से झुलस गया है। आनन-फानन में गृहस्वामी तथा ग्रामीणों के सहयोग से उसे बक्सर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर स्थिति में उसका इलाज किया जा रहा है। करंट के झटके से झुलसे राजमिस्त्री की पहचान रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के कोरड़िया गांव के धर्मेंद्र चौधरी के रूप में हुई है। मथौली के प्रेमसागर मास्टर के यहां मकान बनाने का काम कर रहा था। तभी अचानक एक 11 हजार हाई वोल्टेज धारा प्रवाहित करंट की चपेट में आ गया। इलाज कर रहे डॉक्टर राजीव झा ने बताया कि धर्मेंद्र चौधरी गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। उसका बेहतर इलाज किया जा रहा है।

### बिजली चोरी में जुर्माना के साथ केस दर्ज

**डुमरांव।** बिजली चोरी के खिलाफ बिजली कंपनी के अधिकारियों ने डोर-टू-डोर अभियान चलाया, जिसमें एक को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा और जुमार्ना लगाते हुए आरोपी के खिलाफ नया भोजपुर ओपी थाने में मामला दर्ज कराया है। इस छापेमार दस्ता का नेतृत्व नया भोजपुर के कनीय विद्युत अभियंता चंदन कुमार ने किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिजली चोरी मामले में अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपभोग कर रहे ओपी थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर चौक के समीप के रहने वाली सावित्री देवी पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाते हुए मामला दर्ज कराया गया है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि इन आरोपितों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### सड़क किनारे खड़ी ऑटो की चोरी

**डुमरांव।** स्टेशन रोड स्थित भट्ठी मोड़ के समीप सड़क किनारे खड़ी एक ऑटो की चोरी अज्ञात चोरों ने कर ली हैं। इस मामले में ऑटो मालिक ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले में को दर्ज कर छानबीन में जुट गयी है। पीड़ित ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के भरखर गांव निवासी विनोद कुमार सिंह बताया जाता है। पीड़ित ने पुलिस को दिए गये आवेदन में बताया है कि रघुनाथपुर से डुमरांव आने के लिए एक व्यक्ति भाड़ा पर ऑटो किया और डुमरांव से कोल्ड ड्रिंक ले जाने की बात कही। उसको लेकर ऑटो शीला सिनेमा के पास पहुंचा और एक गली से कोल्ड ड्रिंक्स लाने के लिए ऑटो को सड़क पर खड़ा कर पहुंचा। जब वापस आया तो सड़क किनारे खड़ी ऑटो गायब थी, जिसका नंबर बीआर 44 पी 6419 है।

## उमस भरी गर्मी के बीच कई इलाकों में ठप रही बिजली आपूर्ति, पानी के लिए मचा रहा हाहाकार

# दो घंटे की बारिश, 36 घंटे बिजली की आफत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मंगलवार की शाम तेज हवा के साथ हुई मूसलाधार बारिश और ठनका गिरने से अनुमंडल की विद्युत आपूर्ति ध्वस्त हो गई। शहर तथा ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के कई इलाकों में 36 घंटे बाद भी आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। जिस कारण लोगों को उमस भरी गर्मी में परेशान होना पड़ रहा है। बिजली कटने से पेयजल के लिए हाहाकार मच गया है। खासकर वैसे परिवारों जो सिर्फ मोटर या सप्लाई वाले पानी पर निर्भर हैं। बुधवार की सुबह से ही लोग पेयजल की तलाश में इधर से उधर भटकते नजर आए। इधर बोतल बंद पानी सप्लायरों का स्टॉक भी खत्म हो गया था। जिससे डुमराव शहर में दोपहर तक लोग परेशान दिखे। हालांकि कुछ इलाकों में सुबह में थोड़ी देर के लिए बिजली आई थी। लेकिन वह दिनचर्या के लिए पूरी नहीं थी। जबकि बीएमपी फीडर से जुड़े शहर की एक बड़ी आबादी को मंगलवार की शाम चार बजे से बुधवार को नौ बजे के बिजली के दर्शन हुए। लेकिन थोड़ी देर के बाद ही फिर बिजली कट गई। शहर तथा आसपास के क्षेत्रों में पूरे दिन बिजली की आवाजाही लगी रही। किस्तों में बिजली मिलने से लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। कई मोहल्लों में छेद मारने तथा लो वोल्टेज के लिए उपभोक्ता परेशान रहे।

### बारिश और ठनका के बाद एक दर्जन ट्रांसफार्मरों में आई खराबी

टाउन जेई मनीष कुमार ठाकुर ने बताया कि शहर के जंगल बाजार रोड तथा चतुरशालगंज के पास मंगलवार की शाम ठनका गिरा था। इस कारण जी केबल ट्रांसफार्मर तथा जंफरों में खराबी आई थी। मिली जानकारी के अनुसार सुमित्रा कॉलेज पथ, जंगल बाजार रोड, साफाखाना रोड के नहर पुल के पास, राजगढ़ चौक, नया थाना, हदहवा पुल, लाला टोली रोड, जंगल बाजार रोड, डुमरेजनी मंदिर रोड सहित कई अन्य ट्रांसफार्मरों में फेज मारने कि शिकायत के बाद उनकी मरम्मत करवाई गई। जबकि कई जगहों पर तेज हवा के कारण पेड़ उखड़कर बिजली के तारों पर गिर गए थे। पेड़ तथा डालियों के गिरने से आधा दर्जन से अधिक जगहों पर तार टूट गए थे। जिनकी मरम्मत बार-बार आपूर्ति बाधित करनी पड़ रहे थी। जेई ने कहा कि कोई बड़ी खराबी नहीं आई थी। लेकिन लोकल फालतू की संख्या बहुत अधिक होने से लोगों को निर्बाध गति से बिजली नहीं मिल पाई। उन्होंने कहा कि बुधवार की शाम तक आपूर्ति को दुरुस्त करा लिया गया है।



### पॉवर ग्रिड के पास बिजली गिरने से 33 केवीए में आया था फाल्ट

बारिश के दौरान शाम में पॉवर ग्रिड के पास आकाशीय बिजली गिर गई थी। जिस कारण 33 केवीए में फाल्ट आ गया था। वही उपकारी ब्रह्म बाबा के पास एक पेड़ की डाल टकराने से भी 33 केवीए में ट्रिपिंग हुई थी। इसके अलावे जंगल बाजार के समीप स्थित खीरिया ब्रह्म स्थान तथा चतुरशालगंज के पास भी बिजली गिरने से तार व जंफर खराब हुए थे। हालांकि गनीमत थी कि कही ट्रांसफार्मर नहीं जला।

### विभागीय उदासीनता से भी चौपट हो रही है आपूर्ति

वहीं सूत्रों की माने तो तेज हवा, बारिश तथा ठनका जैसी आपदाओं के साथ विभागीय उदासीनता भी आपूर्ति पर भारी पड़ रही है। जानकार बताते हैं कि पावर सब स्टेशन का एबी स्विच महीनों से खराब है। इस कारण ट्रिपिंग की समस्या बढ़ रही है। जबकि आबादी तथा खपत के हिसाब से ट्रांसफार्मरों की संख्या भी कम पड़ जा रही है। कई ट्रांसफार्मर ओवरलोड के शिकार हैं। इसके अलावा करीब 78 साल पहले लगाए गए केबल वाले तार का कवर भी हट चुका है। इससे शार्ट सर्किट की समस्या आ रही है। पोल पर लगे एबी बॉक्स टूटने का असर भी विद्युत आपूर्ति पर पड़ रहा है। विभाग द्वारा इन उपकरणों को रिप्लेस या मरम्मत नहीं कराए जाने से आपूर्ति में बाधा पहुंच रही है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में और खराब है स्थिति

अनुमंडल मुख्यालय में किस्तों में ही सही बिजली के दर्शन हो जा रहे हैं लेकिन ग्रामीण इलाकों में तो स्थिति बेहद गंभीर है। कोरान सराय के उर्दू मध्य विद्यालय के पास लगे ट्रांसफार्मर मैं पिछले 3 दिनों से आई तकनीकी खराबी को अभी तक दूर नहीं किया जा सका है। इस ट्रांसफार्मर से जुड़े उपभोक्ता पूणानंद मिश्र ने बताया कि बिजली के अभाव में पिछले 3 दिनों से नारकीय जीवन हो गया है। पीने के पानी के लिए भी दूसरे मोहल्लों में जाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनी के अधिकारियों और मिस्त्री से बार-बार गुहार लगाए जाने के बावजूद अब तक मरम्मत नहीं हो सका है। जिस कारण लोगों में कंपनी के प्रति भारी आक्रोश है। वही नावानगर, केसठ समेत कई अन्य प्रखंडों में भी पिछले 24 घंटे से बिजली के दर्शन नहीं हुए हैं।

### क्या कहते हैं जेई

इस संबंध में टाउन जेई मनीष कुमार ठाकुर ने कहा कि बारिश के दौरान तेज हवा और ठनका गिरने से बड़े पैमाने पर लोकल फाल्ट हुए थे। जिस कारण आपूर्ति बाधित हुई है। उन्होंने कहा कि फाल्टो की मरम्मत कर आपूर्ति को निर्बाध कर दिया गया है।

## डुमरांव में जल्द दूर होगी बिजली की समस्या

# बदले जाएंगे जर्जर तार और एबी बॉक्स लगाए जाएंगे 16 एडिशनल ट्रांसफार्मर

**रजनी कांत दूबे/ डुमरांव**

डुमरांव के शहरी क्षेत्र में गंभीर हो चुकी बिजली आपूर्ति की समस्या से उपभोक्ताओं को शीघ्र निजात मिलने वाली है। साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड कंपनी ने इसके लिए मास्टर प्लान तैयार कर लिया है। शीघ्र ही इस पर काम शुरू होने वाला है। इसके तहत एडिशनल ट्रांसफार्मर लगा शहर में ओवर लोड के शिकार ट्रांसफार्मरों का लोड कम किया जाएगा। जबकि जर्जर हो चुके कवर वाले तार तथा टूट चुके एबी बॉक्स को भी बदला जाएगा। कंपनी ने इसी में बारिश एनसीसी कंपनी को दी है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए टाउन जेई मनीष कुमार ठाकुर ने बताया कि एडिशनल ट्रांसफार्मर लगाने के लिए जगह का चयन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि कुल 16 नए एडिशनल ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। जबकि पुराने तारों को बदल नया तार लगाया जाएगा। टूट चुके एबी बॉक्स को भी चेंज किया जाएगा। वही एक नए फीडर का निर्माण भी होगा। इस काम के पूरा होने के बाद शहर में बिजली आपूर्ति दुरुस्त हो जाएगी तथा हर दिन होने वाले लोकल फॉल्ट से भी निजात मिल जाएगा।

### इन जगहों पर लगाया जाएगा एडिशनल ट्रांसफार्मर

जेई ने बताया कि शहर के महाराजा पेट्रोल पंप, बड़ा बाग के पास, विष्णु मंदिर, साफाखाना रोड नहर मोड़, लाला टोली, जंगल बाजार सहित कई अन्य जगहों पर एडिशनल ट्रांसफार्मर लगा लोड को मैनेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जुलाई महीने में ही एनसीसी कंपनी अपना काम शुरू कर देगी। उन्होंने कहा के ट्रांसफार्मरों के साथ-साथ तार बदल जाने के बाद बिजली कटौती का स्थाई समाधान हो जाएगा।

### एक दशक पहले लगे थे एडिशनल ट्रांसफार्मर

कंपनी द्वारा करीब एक दशक पहले शहर में एडिशनल ट्रांसफार्मर लगा लोड मैनेज किया गया था। लेकिन 1 दशकों में शहर की आबादी और बिजली की खपत कई गुना बढ़ गई है। जिस कारण 5 दर्जन ट्रांसफार्मरों में आधे से अधिक ओवरलोड के शिकार हैं। इस कारण उपभोक्ताओं को कभी लो वोल्टेज तो कभी हाई वोल्टेज की समस्या के साथ ही लोकल फॉल्ट की मार झेलनी पड़ रही है।

### कई जगहों पर उखड़ गए पेड़, जलजमाव से घिरी बड़ी आबादी



मंगलवार की शाम भारी बारिश के बाद शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। वही बारिश के दौरान तेज हवा चलने से कई जगहों पर पेड़ उखड़े हैं। बारिश थमने के बाद लोग नुकसान के आंकलन में जुट गए हैं। मंगलवार की बारिश के बाद शहर के एक बड़े इलाके में जलजमाव हो गया है। जानकारी के अनुसार इस बारिश के बाद टेक्सटाईल कॉलोनी पूरी तरह से पानी से घिर चुका हैं। वही लालगंज कड़वी, चाणक्यां कॉलोनी, शिवपुरी कॉलोनी, शिक्षक कॉलोनी सहित कई इलाकों के लोगों को जलजमाव की समस्या झेलनी पड़ रही है। सबसे अधिक परेशानी टेक्सटाईल कॉलोनी के लोगों को हो रही हैं। बता दें कि यह कॉलोनी शहर की सबसे बड़ी रिहायशी कॉलोनी हैं। लेकिन मोहल्लें में एक भी ऐसी सड़क नहीं हैं जिस पर जलजमाव नहीं हुआ हैं।

## 10 वर्षीय बेटे की गला दबा हत्या कर फरार हुआ सौतेला पिता

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

मंगलवार की शाम रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 4 के उतर बनी नई कॉलोनी में एक लोमहर्षक घटना सामने आई हैं। एक पिता ने अपने 10 वर्षीय सौतेले पुत्र की गला दबा हत्या कर दी है। घटना को अंजाम दे वह फरार हो गया है। वहीं आस पास के लोगों द्वारा जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जें में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने की तैयारी में जुट गई है। वहीं पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है। मृतक की पहचान दीपक कुमार उम्र 10 वर्ष के रूप में हुई है। जबकि आरोपी अमित कुमार मृतक का सौतेला पिता है। उसकी मां सपना देवी के पहले पति की मौत के बाद उसने अमित से दूसरी शादी की थी। दीपक पहले पति का पुत्र था। ग्रामीण की मानें तो आरोपी झोला छाप डॉक्टर है। डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने कहा कि आरोपी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### नहाने के दौरान डूबने से युवक की मौत, दो की बची जान

**बक्सर।** मंगलवार की शाम दोस्तों के साथ नहाने के दौरान गंगा में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान नगर के गजारधरगंज मोहल्ले के सुभाष गुप्ता के 19 वर्षीय पुत्र धनजी गुप्ता के रूप में हुई हैं। हालांकि उसके साथ नहा रहे दो अन्य युवकों को घाट पर मौजूद लोगों ने बचा लिया। दोनों युवकों ने मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। बुधवार की सुबह परिजनों ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को ढूंढना शुरू किया और कुछ ही घंटो के बाद स्थानीय गोताखोरों ने शव ढूंढ निकाला। शव मिलते ही परिवार के बीच कोहराम मच गया। टाउन थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि मंगलवार की देर शाम सूचना मिली कि एक युवक गंगा नदी में डूबा है। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव खोजने का प्रयास किया लेकिन अंधेरा होने के कारण गोताखोरों ने मना कर दिया।

## शादी की मेंहदी सूखी भी नहीं कि दहेज लोभियों ने कर दी विवाहिता की हत्या, एक गिरफ्तार

- 11 जून को अकबरपुर में हुई थी रोहतास जिले की इंदू की शादी
- दहेज में 2 लाख नगद, बाइक व सोने की चेन के लिए हुई है हत्या

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव में दहेज लोभियों ने मात्र 25 दिन पहले ब्याही गई एक नव विवाहिता की गला दबा हत्या कर दी है। यही नहीं हत्यारों ने उसके शव को भी ठिकाने लगा दिया था। लेकिन मायकों वालों की तत्परता से न सिर्फ इस हत्याकांड का उद्भेदन हुआ बल्कि एक आरोपी भी गिरफ्तार हुआ है। उसके निशानदेही पर पुलिस ने कैमूर जिले के नुआंव थाना क्षेत्र अंतर्गत मथही पुल के समीप झाड़ीनुमा जगह से मृतका का शव बरामद किया है। हत्या करने के बाद ससुराल वालों ने जूट के बोरे में शव को छिपा उसे मथही पुल के पास झाड़ीनुमा जगह में गड्ढा खोद गाड़ दिया था।

जानकारी के अनुसार रोहतास जिला के नोखा थाना क्षेत्र अंतर्गत शेखपुरवा गांव के रामेश्वर चौधरी की बेटी बेटी इंदु कुमारी की शादी 11 जून 2023 को राजपुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव निवासी दीपक चौहान के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ हुई थी। शादी में रामेश्वर ने अपने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज भी दिया था। रामेश्वर की मानें तो लड़के के दादा जोख चौहान के साथ जो दान दहेज तय हुआ था उसे पूरा कर दिया गया था। लेकिन ससुराल आने के बाद से ही इंदु को उसका पति तथा ससुराल के अन्य सदस्य दहेज में 2 लाख रूपए नगद, एक अपाची बाइक तथा सोने के चेन के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। शादी के एक सप्ताह बाद ही इंदु ने इसकी जानकारी अपने मायके वालों को दी थी।

वहीं मंगलवार की सुबह भी उसने अपनी मां को फोन कर प्रताड़ना की जानकारी दी। लेकिन रात में ही दहेज पिशाचों ने उसकी हत्या कर शव को ठिकाने भी लगा दिया था। लेकिन इसका मोबाईल स्वीच ऑफ मिलने तथा ससुराल वालों द्वारा उसके संबंध में ठोस जानकारी नही देने पर शक के आधार पर पहुंच मायके वालों ने स्थानीय पुलिस से अपनी बेटी का हत्या किए जाने का आरोप लगाया। उनकी शिकायत पर पुलिस ने उसके घर छापेमारी कर एक सदस्य मंटू चौहान को गिरफ्तार कर थानें लाई तथा कड़ाई से पूछताछ की तो उसने पूरी घटना बता दी। जिसे सुन थाने में ही रामेश्वर तथा लड़की पक्ष के अन्य लोग दहाड़े मारकर रोने लगे। इसके बाद पुलिस उसे लेकर मथही पुल के समीप पहुंची। जहां उसके निशानदेही पर शव को बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नुआंव पुलिस को सौंप दिया तथा मंटू को गिरफ्तार कर लिया। वही लड़की के पिता की शिकायत पर पति दीपक कुमार चौहान, ससुर जोखू चौहान, सास ललिता देवी, ननद पूनम कुमारी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। वही इस मामले में मंटू चौहान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## एक नजर

### बालगृह परिसर में करंट लगने से बंदर की मौत धार्मिक रीति रिवाज से किया गया अंतिम संस्कार



**बक्सर।** बक्सर के गायत्री नगर इलाके स्थित बालगृह परिसर में बुधवार को एक बंदर की मृत्यु करंट लगने से हो गई। जिसकी सूचना मिलने के बाद गृह की अधीक्षिका रेवती कुमारी ने वहां पहुंच कर पूरे धार्मिक रीति रिवाज के साथ अपने सहकर्मियों के सहयोग से उनका अंतिम संस्कार कराया। बंदर के पार्थिव शरीर पर एकरंगा और रामनामा डाल उनके शव को अपने कर्मियों के सहयोग से गंगा किनारे जेल घाट पर दाह संस्कार श्रद्धापूर्वक कराया। इस मौके पर मृत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में बाल कल्याण समिति के सदस्य योगिता कुमारी, डॉक्टर शशांक शेखर, गृह के प्रतिनियुक्त शिक्षक दीनबंधु प्रधान, सौरभ कुमार, नीरज कुमार तथा गार्ड कमलेश कुमार प्रमुख थे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आई मां बेटी, जख्मी

**बक्सर।** बुधवार को बक्सर के पीपी रोड में अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक मां बेटी गंभीर रूप से जख्मी हो गई हैं। आस पास में मौजूद लोगों द्वारा दोनों को तत्तकाल इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां समाचार लिखे जाने तक दोनों इलजारत थी। जख्मियों की पहचान कोइरपुरवा मोहल्ले के फिरोज आलम की पत्नी मुसरत खातून तथा उनकी चार वर्षीय बेटी के रूप में हुई है। दोनों पीपी रोड के जायसवाल धर्मशाला के पास सड़क किनारे से जा रही थी इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें धक्का दिया। घटना को अंजाम देने के बाद वाहन चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया है। वहीं पास में मौजूद भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शिला त्रिवेदी ने जख्मी महिला तथा उसकी मासूम बच्ची को देखी और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

### मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**केसठ।** प्लस टू हाई स्कूल कतिकनार में बुधवार को विद्यालय के प्रधानाध्यापक वेशलाल चौधरी के नेतृत्व में माध्यमिक परीक्षा 2023 में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत करते हुए विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उन छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें मार्गदर्शन दिया। वहीं उपस्थित अन्य छात्र छात्राओं को उन सभी मेधावी छात्रों से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसी चीज है जो भविष्य आपको आदर्श व्यक्ति बनाने का काम करती है। इस दौरान वहां पर उपस्थित ग्रामीणों को शिक्षकों द्वारा अपने अपने बच्चों को पढ़ाने तथा शिक्षित करने को ले अवगत कराया। मौके पर रवि सिंह, विकास कुमार, हीरालाल सिंह, संजय कुमार, विनय यादव व अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## डुमरांव में रोजगार की पहल: कृषि कॉलेज में स्थापित होगा फूल प्रसंस्करण इकाई

# फूलों के कचरे से बनेगा फेस वॉश और सुगंधित अगरबत्तियां

**सौरभ केशरी/डुमरांव**

सावन माह भारतीय संस्कृति विरासत और धार्मिक मान्यताओं के रूप में जाना जाता हैं। इस माह में सभी छोटे-बड़े मंदिरों में देवताओं को भक्त फूल चढ़ाते है, जहां हर रोज बड़ी मात्रा में फूल एकत्रित होता है। मंदिर प्रबंधन के लिए फूलों का कचरा बड़ी समस्या बन जाती है। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। बल्कि फूलों का कचरा गंदगी फैलाने के बजाय समाज में सुगंध फैलाएगी तथा लोगों को रोजगार भी देगा। बता दें कि मंदिरों में चढ़ाए गए फूल अब बेकार नहीं होंगे बल्कि उन फूलों के कचरे से सुगंधित अगरबत्ती, फेश वॉश, रंग-गुलाल,



पुष्प खाद जैसे कई अन्य उत्पाद बनाये जायेंगे। उसको लेकर बिहार कृषि विश्वविद्यालय ने कई दिलचस्प तरीके ईजाद किये है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ डीआर सिंह ने इसकी शुरूआत कर दी है। अब जल्द ही डुमरांव के वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज में फूल प्रसंस्करण इकाई स्थापित होगी और डुमरांव में रोजगार का सृजन को बढ़ावा मिलेगा। विभाग ने इसकी पहल शुरू कर दी है। स्थानीय कृषि कॉलेज के प्राचार्य डॉ रियाज अहमद, एकेडमिक सेल के प्रमुख डॉ मणिभूषण ठाकुर, वैज्ञानिक डॉ प्रकाश ने, उद्यान वैज्ञानिक डॉ एसआरपी सिंह, डॉ एके जैन, डॉ शांतिभूषण प्रसाद आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है। वैज्ञानिकों की माने तो विश्वविद्यालय प्रशासन ने हरेक कृषि कॉलेजों के परिसर में फूल प्रसंस्करण इकाई खोले जाने का मन बनाया है। लेकिन इस कड़ी में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा डुमरांव कृषि कॉलेज को पहली प्राथमिकता दिया है, जहां इकाई स्थापित की जायेगी। वैज्ञानिकों के अनुसार फूल पवित्र होते है इसलिए उन्हें कचरे के साथ कूड़ादान में नही फेंका जाता है बल्कि लोग उसका सीधा निपटारा स्थानीय जल निकायों में करते है। शोध में पाया गया है कि इसमें से अधिकांश फूल सड़ जाते है और तालाब तथा जल निकायों को प्रदूषित करते है। वैसे तालाब या जल निकायों में रहने वाले जीवन के लिए विषाक्त हो जाते हैं।

**200 बेरोजगारों को मिलेगा रोजगार:** फूल के कचरे से उत्पादन के नये रूप देने के लिए करीब 150 से 200 तक बेरोजगारों को रोजगार मिलने की संभावना जतायी जाती है, जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक रहेगी। इस इकाई के स्थापित होने से पर्यावरण अनुकूल, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, हस्तनिर्मित उत्पादन से रोजगार सृजन को बढ़ाने में मददगार साबित होगा, जिसमें फूलों को एकत्रित करने, उत्पादित खाद सहित अन्य उत्पादनों का मार्केटिंग करने, अन्य कार्यों को लेकर अलग-अलग विभागों की स्थापना की जायेगी।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

पुष्प प्रसंस्करण इकाई ईश्वर से ईश्वर तक मॉडल के रूप में विकसित करने को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन जुटा है। इस यूनिट को खोलने के लिए सरकार के पास प्रस्ताव भेजा गया है। इस कार्ययोजना को लेकर विश्वविद्यालय के उद्यान व पुष्प वैज्ञानिक डॉ दीप्ति सिंह को जिम्मेदारी दी गयी है।

**- डॉ राजेश कुमार, जनसंपर्क पदाधिकारी, वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज डुमरांव**

केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण

# बलिया/गाजीपुर/मऊ

बक्सर, 06 जुलाई 2023

website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



## जांच लैब में गंदगी का अंबार देख भड़के एसडीएम, लगाई फटकार

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मूलभूत वयवस्था पर जताई नाराजगी, जल्द सुधार करने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/बलिया**

उपजिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्र ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जांच लैब में रखी जांच मशनें बंद हालत में मिला। वहीं जांच लैब गंदगी का अंबार देख कर्मचारियों को उपजिलाधिकारी ने जमकर फटकार लगाया,औचक निरीक्षण के दौरान सात कर्मचारी भी अनुपस्थित मिले।बता दें कि उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र बुधवार को



सीएचसी सोनबरसा पहुंचे और सीधे अस्पताल के दूसरे मंजिल पर बने जांच लैब का निरीक्षण किया।जहां जांच के लिए लैब में लगाई गई बीबीसी, ऑटो एनालाइजर आदि मशीन बंद मिला। जिस पर एसडीएम ने नाराजगी जताई। वहीं जांच कराने वाले लोगों विशेषकर महिलाओं के बैठने के लिए बेंच व पंखे का अभाव देख एसडीएम बिफर गए। जब उन्होंने पूछा की महिलाओं के लिए पंखा क्यों नहीं लगा है और बैठने की व्यवस्था क्यों नहीं है तो विभागीय लोग एक दूसरे को देखने लगे, बाद में कर्मचारियों ने तत्काल पंखा लगवाने व बेंच की व्यवस्था करने का भरोसा उपजिलाधिकारी को दिया। वहीं लैब में लगे सीबीसी मशीन, ऑटो एनालाइजर मशीन व बायोकेमिकल जांच मशीन आदि के खराब होकर बंद पड़े रहने पर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए अधीक्षक से तुरंत उसे ठीक कराने को कहा। एसडीएम ने अस्पताल के उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया। जिसमें सात चिकित्सा कर्मी अनुपस्थित मिले इनमें प्रदीप पांडेय, रामप्रवेश दूबे, आनंद सिंह, ओम प्रकाश पांडेय, हयात अली, मनोज यादव, स्टाफ नर्स प्रियंका, पुनीत श्रीवास्तव बाबू का एक दिन का वेतन काटने के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से सीएमओ को पत्र भेजा।

**यथाशीघ्र निर्माण पूरा करने का दिया निर्देश :** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनबरसा के प्रांगण में निर्माणधीन 100 बेड के अस्पताल का निरीक्षण उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने किया। अस्पताल का निर्माण कार्य बंद देख उपजिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त किया। मौके से निर्माण निगम के अवर अभियंता गोविंद कुमार फोन कर काम बंद होने पर नाराजगी जताते हुए काम बन्द होने का कारण पूछा। एसडीएम ने अवर अभियंता से कहा कि शासन-प्रशासन जितना जल्दी अस्पताल चालू करना चाह रहा है उतना ही आप लोग देरी कर रहे हैं। उप जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को आदेशित किया कि गुणवत्ता पूर्वक कार्य में तेजी लाएं जिससे यथाशीघ्र अस्पताल भवन का निर्माण कार्य पूरा हो सकें।

## एक नजर

### चोरी के रैपर, रोटावेटर के साथ चार गिरफ्तार

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक एस आनंद के निर्देशन के चलाये जा रहे अपराधियों के विरुद्ध धर पकड़ अभियान के तहत नगरा पुलिस को भारी सफलता मिली है। पुलिस ने कमरौली नहर की पुलिया के पास से चोरी के सामान सहित चार चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से तमंचा व कारतूस भी बरामद किया है। थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्र, एसआई मुन्ना लाल यादव , हेडकांस्टेबल




राकेश यादव कमरौली नहर की पुलिया के पास वारंटियों की तलाश में मसगूल थे इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी के मुकदमें में प्रकाश में आये आरोपी कहीं भागने की तलाश में इधर ही आ रहें हैं। पुलिस टीम ने तत्परता दिखा हुए तीन चोरों को दबोच लिया। पूछताछ करने पर तीनों ने अपना नाम पता कृष्ण मोहन यादव, खैरा निस्फी नबाबगंज, हिंमाशु यादव खैरा निस्फी थाना नगरा, विराट सिंह खरुआंव थाना नगरा बताया। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने नितिश गुप्त सुलुई थाना रसडा को गुलाब चंद का हाता रसडा से हिरासत में ले लिया। पुलिस ने इनके पास से चोरी का रैपर मशीन, भूसा बनाने वाली, रोटावेटर बरामद किया। पुलिस ने कृष्ण मोहन यादव व विराट सिंह के पास से तमंचा व जिदा कारतूस भी बरामद किया। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय चालान कर दिया।

### सीमा पर दुश्मनों को मिल रहा करारा जवाब

**गाजीपुर।** भारतीय जनता पार्टी के महा जनसंपर्क अभियान में जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने मंगलवार को जंगीपुर बाजार के वार्ड नं छह और वार्ड नं 10 में डोर- टू- डोर जनसम्पर्क करते हुए भाजपा की उपलब्धियों तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विगत नौ वर्षों में किए गए कार्यों से अवगत कराया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि देश में विगत नौ साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए गए



कार्यों से देश में पुनरोत्थान के परिवर्तन का दौर चल रहा है। भारत आज सिर्फ आयात करने वाला नहीं, बल्कि निर्यात करने वाला राष्ट्र बन चुका है। भारत की सीमाओं पर दुश्मनों को खदेड़ कर मारा जाना शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि विदेश में भारत की जो साख, जो पूछ और जो महत्व बढ़ा है वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की पहचान है। आज भारत को कोई आंख नहीं दिखा सकता, तो इसका सीधा-सीधा श्रेय भारतीय जनता पार्टी की सरकार की मुखिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। जिला महामंत्री प्रवीण सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जा चुकी है, और भ्रष्टाचारियों को दंड की प्रक्रिया मे लाकर कार्यवाही की जा रही है। इस सरकार में भ्रष्टाचार करने वाला बड़ा से बड़ा व्यक्ति भी बख्शा नहीं जा रहा। जंगीपुर विधानसभा के पुर्व संयोजक संकठा प्रसाद मिश्र ने कहा कि भाजपा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सरकार जन साधारण के अपेक्षाओं पर खरी,देश की हर समस्याओं पर चैतन्य, समाज के कमजोर से कमजोर को शक्ति और संबल प्रदान कर रही है। इस अवसर पर लाल जी गुप्ता,अवधेश राजभर, अच्छे लाल गुप्ता, मन्नू राजभर, सुदर्शन कुशवाहा, अविनाश सिंह सोनू, प्रमोद राय आदि साथ साथ रहे।

### निपुण कार्यक्रम की वार्षिकी पर विविध कार्यक्रम

**मऊ।** निपुण भारत मिशन के दो वर्ष पूरे होने पर प्राथमिक विद्यालय कइयां में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गये। सर्वप्रथम पूरे प्रदेश को गुणवत्ता युक्त प्राथमिक शिक्षा से संतृप्त करने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गये निपुण कार्यक्रम की स्मृतियों को जीवंत करने के उद्देश्य से विद्यालय की निपुण वाटिका में वृक्षारोपण किया गया। विद्यालय के निपुण छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन



किया गया। सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक आजमगढ़ मण्डल मनोज मिश्रा के नेतृत्व में जनपद के रतनपुरा ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार मिश्र को सुपर ट्वेण्टी विद्यालयों को प्रथम चरण में निपुण बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी। प्राथमिक विद्यालय कइयां प्रथम चरण के सुपर ट्वेण्टी विद्यालय के रूप में निपुण लक्ष्य प्राप्त विद्यालय है। निपुण लक्ष्य के अतिरिक्त विद्यालय के छात्र-छात्राएं विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहते हैं। अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष उपाध्याय के मार्गदर्शन में पांच जुलाई दो हजार इक्कीस से प्रारम्भ निपुण कार्यक्रम के दो वर्ष पूर्ण होने पर यह कार्यक्रम आयोजित है और हम अपने विद्यालय को निपुण बनाने के लिए परिश्रम से कार्य करते रहेंगे।

### नाली निर्माण नहीं होने से लोगों में आक्रोश

**मऊ।** कोपागंज क्षेत्र के ग्राम सभा सोडसर के चौहान बस्ती में नाली का निर्माण नहीं होने से घरों का गन्दा पानी रास्ते पर बह रहा है। यहां के निवासियों ने कई बार प्रधान से लेकर ब्लॉक मुख्यालय तक प्रार्थना पत्र देकर नाली निर्माण की मांग की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। बरसात का मौसम होने के चलते नाली के अभाव में रास्ते में पानी भर गया है। जिसके चलते लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। इसको लेकर ग्रामवासियो ने बुधवार की सुबह रास्ते में एकत्रित पानी में खड़े होकर प्रधान के विरुद्ध जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कोपागंज विकास खंड के ग्राम सभा सोडसर के चौहान बस्ती में कुल आबादी 500 लगभग है। प्रधान द्वारा यहां के लोगो के आने जाने के लिए खड़ंजा लगाया गया है। लेकिन अभी तक नाली का निर्माण नहीं हुआ है। जिसके चलते लोग घरों का गन्दा पानी सोख्ता आदि बनाकर बहाते है। वहीं, बरसात में सभी सोख्ता भर जाने के वजह से घरो का गन्दा पानी सड़क पर बह रहा है। जिसके चलते पूरे मार्ग पर पानी एकत्रित हो गया है। जिसके चलते लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। इसको लेकर ग्रामवासियो ने बुधवार की सुबह रास्ते में एकत्रित पानी में खड़े होकर प्रधान के विरुद्ध जमकर विरोध प्रदर्शन किया। सभी का कहना था कि अगर नाली का निर्माण जल्द से जल्द नहीं हुआ तो ब्लॉक कार्यालय का घेराव करने के लिए मजबूर होंगे।

### वार्ड के वंचित भागों का विद्युतीकरण कराने की मांग

**बलिया।** एक तरफ जब कि सरकार की मंशा है कि कोई भी गांव विद्युतीकरण से वंचित न रह जाय। वहीं नगर पंचायत सिकन्दरपुर का एक ऐसा भी वार्ड है जहां विद्युत विभाग की अब तक नजर नहीं गई।फलतः वहां के नागरिक आजादी मिलने के साढ़े सात दशक बाद भी बिजली के अभाव का दंश झेल रहे हैं। वह है नगर पंचायत का वार्ड नं.10 जहां के एक बड़े भाग के निवासी आज भी ढिबरी युग में जीने को विवश हैं। इस सम्बंध में भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया व आई टी विभाग प्रभारी सोनू कुमार गुप्त ने स्थानीय विद्युत उपकेन्द्र के अवर अभियन्ता को ज्ञापन सौंप कर इस ओर अवगत कराते हुए कहा है कि बार बार लिखित रूप से मांग किये जाने के बावजूद आज तक अशोक शर्मा के मकान से मुन्ना जिप्त के मकान तक न तो खम्भे गाड़े गए न ही तार दौड़ा कर विद्युत आपूर्ति शुरू की गई।जिस से मानव जीवन के प्रायः हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण बन गई बिजली के उपभोग से उस क्षेत्र के नागरिक वंचित हैं।उन्होंने सर्वे कर कर उक्त भाग का विद्युतकरण कराने की अवर अभियंता से मांग की है।

## खबरें फटाफट

### साइबर अपराध के बारे में दी जानकारी

**बलिया।** साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा गडवार स्थित रामधारी सिंह डिग्री कालेज में बुधवार को साइबर सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 450 एनसीसी कैडेटस को साइबर अपराध तथा उसके बचाव के बारे में जागरूक किया गया। विस्तृत जानकारी देते हुए एनसीसी कैडेट्स को इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम कार्ड, ओलेक्स फ्राड, ई-वालेट, फेसबुक हैकिंग तथा फोन कॉल के माध्यम से होने वाले फ्राड आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर साइबर सेल प्रभारी संजय शुक्ला, आरक्षी अमरनाथ मिश्र व आरक्षी शिवचंद यादव मौजूद रहे।

### मारपीट में महिला की मौत

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के सागरपाली गांव में मामूली विवाद को लेकर बुधवार की सुबह हुई मारपीट में एक वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि सागरपाली गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक पक्ष ने दूस री पक्षकी महिला रेश्मी देवी 65 पत्नी स्व. दूधनाथ साहनी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आनन-फानन में परिजनों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### करेंट की जद में आने से किसान की मौत

**गाजीपुर।** बहरियाबाद थाना क्षेत्र के कबीरपुर ग्राम पंचायत के चककाफिया निवासी रामदरश मौर्या (60 वर्ष) की बुधवार की सुबह बिजली का करंट लगने से जान चली गई। उनके मौत की खबर से स्वजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। मौके पर जुटे लोग परिजनों को सांत्वना देते रहे। बताया जाता है कि मृतक रामदरश मौर्या अपने रिहायशी मकान के अगले हिस्से में संचालित आइसक्रीम फैक्ट्री के फ्रीजर का पानी व आइसक्रीम निकाल रहे थे। इसी दरम्यान किन्ही कारणों से फ्रीजर में करेंट की जद में आने से वह मरणासन्न स्थिति में पहुंच गये। परिजन फौरन उन्हें लेकर इलाज के लिए वाराणसी चले गये। यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## गाजीपुर के स्वामी सहजानन्द पीजी कालेज में चल रही है एलएलबी की परीक्षा

# पूर्वांचल यूनिवर्सिटी की एलएलबी सेमेस्टर चार की परीक्षा में पकड़े गए तीन मुन्नाभाई

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबंधित एलएलबी की परीक्षा स्वामी सहजानंद पीजी कालेज में चल रही है। बुधवार को द्वितीय सत्र में एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान तीन फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गए। महाविद्यालय के प्राचार्य तथा केंद्राध्यक्ष प्रो. डॉ.वीके राय ने बताया कि संत लखन दास महाविद्यालय मरदह के तीन छात्र दूसरे परीक्षार्थियों के स्थान पर परीक्षा दे रहे थे। संदेह होने पर सभी कक्षों में सतर्कतापूर्वक गहन छानबीन तथा जांच की गई। जिसमें आंतरिक उदकादल ने इन मुन्नाभाइयों को पकड़ा।

प्राचार्य प्रो. राय ने बताया कि फर्जी परीक्षा दे रहे छात्रों की पूरी सूचना सहित सम्पूर्ण जानकारी विश्वविद्यालय के अधिकारियों तथा पुलिस को दे दी गई है। प्रो. राय ने कहा कि परीक्षा नियंत्रक, पूर्वांचल विश्वविद्यालय से वार्ता के पश्चात उनके निदेर्शानुसार जनपद पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के लिए पत्र प्रेषित किया गया है। परीक्षा प्रभारी प्रो. अवधेश राय ने बताया कि प्रातः कालीन सत्र में बीएड चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा में 959 पंजीकृत छात्रों में



- परीक्षा में की पहली पाली में 12 परीक्षार्थी व दूसरी में रहे छह अनुपस्थित

से 947 परीक्षा में सम्मिलित हुए। जबकि 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

**परीक्षा संचालन समिति बनाई गई है :** द्वितीय सत्र में एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा में कुल 264 परीक्षार्थियों में से 255 उपस्थित तथा छह अनुपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वीके राय ने बताया कि महाविद्यालय अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप नकल विहीन एवं सुचितापूर्ण परीक्षा संचालन के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने सहजानंद महाविद्यालय को 14 बीएड-बीपीएड तथा एलएलबी महाविद्यालयों का परीक्षा केंद्र बनाया है। उन्होंने कहा कि सकुशल एवं व्यवस्थित परीक्षा संचालन के लिए एक परीक्षा संचालन समिति बनाई गई है। जिसमें प्रो.अवधेश नारायण राय, प्रो. अजय राय, प्रो. रामधारी राम, डॉ. कृष्णनानंद चतुवेर्दी, डॉ. विशाल सिंह, डॉ. कृष्णानंद दुबे, डॉ. सुजीत कुमार, नित्यानंद राय तथा ओम प्रकाश राय शामिल हैं। वहीं, दूसरी ओर इस बीच पता चला है कि नगरपालिका तथा जिला प्रशासन की देखरेख में नगर में सीवर बिछाने के लिए सड़कों की खुदाई के चलते नगर में परीक्षार्थियों की भीड़ को परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने में काफी परेशानी हो रही है।

### मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत पीजी कॉलेज में निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश की बीजेपी सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक अभ्युदय योजना का लाभ विद्यार्थियों को व्यापक रूप से मिल रहा है। इसी क्रम में इस योजना को विस्तार दिया जा रहा है। अब इस योजना के तहत निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग कक्षाएं जनपद के पीजी कॉलेज में भी आयोजित की जाएंगी। अभ्युदय योजना के तहत पीजी कॉलेज परिसर में कक्षा संचालन का उद्घाटन किया गया।

कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय के साथ ही जिला विकलांग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेंद्र विश्वकर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप पांडेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय सोनी के साथ ही जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में मां सरस्वती की प्रतिमा का सभी मंचासीन अतिथियों ने माल्यार्पण किया। उसके पश्चात दीप प्रज्वलन कर इस कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की गई। इस दौरान वक्ताओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों की रणनीति पर प्रकाश डाला। नरेंद्र विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन में प्रतियोगी परीक्षाओं की रणनीति तैयारी कर पाठ्यक्रम के अनुसार तैयारी करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि सामान्य अध्ययन पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के बाबत विशेष बल देकर पढ़ना चाहिए। वही दिलीप पांडेय ने कहा कि वह इस कार्यक्रम से आगे भी जुड़े रहेंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव ने कहा कि पीजी कॉलेज में इस योजना के तहत कक्षा का संचालन होना बेहद गर्व का विषय है। जनपद के सबसे बड़े कॉलेज में अभ्युदय योजना के तहत छात्र- छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जाएगी।

### बलिया जनपद को मिले चार नए चिकित्साधिकारी

**बलिया।** जनपद में एलोपैथ की दो महिला सहित चार चिकित्साधिकारी मिले हैं। यहां तैनात एसीएमओ डॉ. वीरेन्द्र कुमार का ट्रांसफर एसीएमओ प्रयागराज के पद पर हुआ है। एसीएमओ के रूप में जिले में डॉ. देवेंद्र प्रताप की तैनाती हुई है। नए चिकित्साधिकारियों में किसी ने अभी तक चार्ज नहीं लिया है।

डॉ. सुभाषचंद्र यादव आयुर्वेदिक और यूनानी के कार्यवाहक क्षेत्राधिकारी बने हैं। होम्योपैथी विभाग के जिला चिकित्साधिकारी डा. उमाशंकर यादव का स्थानांतरण हापुड़ हो गया है। उनके स्थान पर नए जिला चिकित्साधिकारी डा. नेतपाल सिंह बने हैं। वह हापुड़ से बलिया आए हैं। जिला अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डा. रजनीकांत का स्थानांतरण जिला महिला अस्पताल व फिजियोथेरिपस्ट डा. जावेद अख्तर का भदोही सरपतहा के लिए हुआ है। दो फार्मासिस्ट का भी स्थानांतरण गोरखपुर के लिए हुआ है। पूर्व एलटी मनोज राय की वापसी महिला अस्पताल में हुई है। सीएमओ ने एक फार्मासिस्ट जिला अस्पताल को दिया गया है। अभी आधा दर्जन फार्मासिस्टों की जरूरत है। आयुर्वेदिक और यूनानी विभाग में पांच चिकित्साधिकारी मिले हैं। डा. अनीता सिंह टियुलिया बरेली से बांसडीह, डॉ. मनोज आर्य राजपुरकला बरेली से शिवपुर दीयर, डा. मीनाक्षी आर्य कचनारा बरेली से भृगु आश्रम, डा. शिवदुलार यादव मैनपुर गाजीपुर से मुनीछपरा, डा. अनिल कुमार धितुआं गाजीपुर से बैरिया आयुर्वेदिक अस्पताल के लिए स्थानांतरण हुआ है। होम्योपैथी विभाग में सबसे ज्यादा तबादला हुआ है। जिला चिकित्साधिकारी सहित दो चिकित्सकों का स्थानांतरण हुआ है। वहीं, नौ नए चिकित्सक मिले हैं।

### गाजीपुर जनपद के जीर्ण-शीर्ण हो चुके पशुधन प्रसार केंद्र जल्द होंगे हाइटेक

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

रेवतीपुर ब्लाक क्षेत्र के नवली गांव में शासन ने पशुओं को समय से बेहतर इलाज के लिए जीर्ण-शीर्ण हो चुके पशुधन प्रसार केन्द्र को हाइटेक बनाने के लिए नवनिर्माण अंतिम चरण में है। दस लाख की लागत से एक-एक केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। इसके उपरांत इस पशुधन प्रसार केंद्र को अत्याधुनिक शल्य चिकित्सकीय प्रणाली से लैस किया जाएगा।ताकि पशुपालकों को इधर-उधर न भटकना पडे। उम्मीद है कि इसका निर्माण अगले माह तक पूरा हो जाएगा।

बता दें कि विगत 2021 में पशुपालन विभाग ने शासन को एक प्रस्ताव भेजा था। जिसमें इस पशुधन प्रसार केन्द्र के कायाकल्प एवं इसके उच्चकृत करने की बात कही थी। शासन ने कुछ महीनों बाद ही हरी झंडी देने के साथ ही दस लाख का बजट स्वीकृत किया था। मगर विभागीय लापरवाही के चलते इसका निर्माण शुरू होने में दो साल लग गए। क्षेत्र के पशुपालकों को इस जर्जर हो चुके पशुधन प्रसार केन्द्र पर समुचित चिकित्सकीय व्यवस्था न होने से अपने पशुओं के टीकाकरण, गर्भधारण, बीमार



पशुओं के इलाज व दवाओं के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।लोगों ने बताया कि यहां तैनात पशुधन प्रसार अधिकारी आने वाले पशुओं का इलाज मौजूद दवाओं और शल्य उपकरण से करते हैं। मगर वह नाकाफी है।ग्रामीणों ने बताया कि इस स्वास्थ्य केन्द्र के तहत कई गाँव आते है और व्यवस्था दुरुस्त न होने से पशुपालक निराश होकर लौट जाते हैं। रेवतीपुर राजकीय पशु चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी डॉ. गौरव द्विवेदी ने बताया कि निर्माण शुरू हो चुका है, जो जल्द बनकर तैयार हो जाएगा। इससे लोगों को अपने पशुओं के इलाज के लिए अब कहीं भटकना नहीं पड़ेगा।

## जन संपर्क से जन समर्थन अभियान के तहत प्रबुद्धजनों से मिले परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह

# सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण ही भाजपा का मूल आधार: मंत्री

**केटी न्यूज/बलिया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 09 वर्ष पूर्ण होने पर संगठन द्वारा चल रहे महा जन संपर्क अभियान के तहत परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने प्रबुद्धजनों से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री ने लोगों से मिलकर उन्हें 'संपर्क से समर्थन' अभियान के अंतर्गत भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों से संबंधित जानकारी दी और पुस्तिका प्रदान की। इसमें मंत्री ने चंद्रशेखर विश्वविद्यालय



के कुलपति प्रोफेसर संगीत कुमार गुप्त, विहंगम योग के संत प्रवर विज्ञान देव महाराज, टीडी कालेज के पूर्व प्राचार्य पीएन सिंह, कुंवर सिंह पीजी कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर अंजनी कुमार सिंह, भूगोल विभाग के अशोक कुमार सिंह, एडवोकेट श्रीनिवास राय से मिले और मिस्ड काल कराया। मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि तीन शब्द सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण ही भाजपा का मूल आधार है और यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की नौ साल की यात्रा को परिभाषित करते हैं। जब 2014 में प्रधानमंत्री ने सत्ता संभाली तो अर्थव्यवस्था मंदी में थी। बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद था और असंख्य घोटाले थे।

उनके सामने न केवल अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने का काम था बल्कि नागरिकों के बीच सरकार के प्रति आशा, गौरव और विश्वास पैदा करने का भी काम था। नौ साल बाद वह न केवल अधिकांश गंदगी को साफ करने में सक्षम हुए हैं, बल्कि देश को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रेरित किया है। कहा कि देश में जो 65 वर्षों में हासिल नहीं किया जा सका वह पीएम के नेतृत्व में भारत ने नौ वर्षों में हासिल कर लिया है। गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज, स्वच्छ भारत के तहत शौचालयों का निर्माण, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी और ग्रामीण आवास, मुद्रा योजना स्टैंड अप इंडिया, स्टार्ट अप, उज्ज्वला योजना आदि तमाम योजनाएं ऐसी हैं जिससे लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आया है। कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत एक महाशक्ति बनकर उभरा है। चारो ओर भारत की जय-जयकार हो रही है। रूस-यूक्रेन की हालत को सामान्य करने के लिए अमेरिका जैसा देश भी भारत के प्रधानमंत्री मोदी से गुहार लगा रहे हैं। कहा कि आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनने जा रही है।